हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025




# इलेक्ट्रॉनिक में जीएसटी कम होने से लौटी रौनक, कपड़ा-बर्तन बाजार में भी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दीपावली पर्व का अवसर हो और खरीदारी ना हो ऐसा हो नहीं सकता। हर परिवार अपनी क्षमता के अनुसार कुछ ना कुछ इस त्योहार में खरीदता है। दीपावली का पर्व ऐसे उत्साह का त्योहार है, जहां सामान्य से लाई, सिंघाड़े से लेकर सोने तक की बिक्री होती है। दीपावली बाजार में खरीदारी ही खरीदारी नजर आती है । इस वर्ष कई चीजों में जीएसटी घटने से खरीदारी में भी इसका असर दिखाई दे रहा है। वहीं दूसरी ओर सोने पर आई महंगाई के चलते सराफा व्यापार की चमक फीकी नजर आ रही है। दीपावली पर्व को लेकर महज चार दिन शेष है, लेकिन बाजार में जमकर खरीदी दिखाई नहीं दे रही है। कुछ दुकानदारों का कहना है कि दीपावली का बाजार अब 2 दिन का ही रह गया है। इसके हिसाब से तैयारी की गई है।

**दाम बढ़ने का असर**

सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना लगभग 12800 से अधिक प्रति ग्राम हो गया है। वहीं 22 कैरेट सोने की कीमत 12035, 20 कैरेट सोने की कीमत 10985 और 18 कैरेट सोने की कीमत 09940 रुपए प्रतिग्राम के आसपास है। वहीं चांदी 1900 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बिक रहा है। सोने और चांदी के दाम बढ़ाने की वजह से लोगों का आकर्षण इस ओर कम दिखाई दे रहा है। प्रतिवर्ष दीपावली पर्व पर सोना और चांदी की खरीदी करने वाले ग्राहकों का कहना है कि सोने के दाम काफी बढ़ने की वजह से महज नेंग के लिए ही इस वर्ष चांदी की ही खरीदी की जाएगी।

## सोने-चांदी के दाम आसमान पर, सराफा में पिछले सालों के मुकाबले ग्राहक कम

### पूंजी निवेश का माध्यम

सोने के दाम पर लगातार तेजी आती जा रही है। सोना जब तक गहना था, तब तक इसके दाम कम थे, लेकिन अब सोने को पूंजी निवेश के रूप में उपयोग किया जा रहा है। अधिकांश लोग सोने के गहने खरीदकर रख रहे हैं। जिसकी वजह से अब मध्यम वर्गीय परिवार के लिए सोने के गहने बनाना स्वप्न होता जा रहा है। सोने की एक अंगूठी के दाम ही 23 से 25 हजार रुपए हो गए हैं।





### सामानों की बुकिंग शुरू

दीपावली पर्व पर इलेक्ट्रॉनिक सामानों में जीएसटी कम होने के चलते लोगों का रूझान अब इसकी ओर दिखाई दे रहा है। शहर के विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों में पहुंचकर लोग मुहूर्त पर सामान ले जाने के लिए टीवी, फ्रिज, कूलर, वाशिंग मशीन की बुकिंग कर रहे हैं। जीएसटी कम होने से इलेक्ट्रॉनिक के बड़े उपकरणों में लगभग 2 से 7 हजार रुपए तक की कमी आई है।

---

**खबर संक्षेप**

## 33.5 डिग्री पहुंचा पारा नांदगांव सबसे गर्म



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मानसून की विदाई के साथ ही तापमान में इजाफा होने का दौर शुरू हो गया है। अंचल का तापमान पिछले कुछ दिनों से लगातार चढ़ते हुए अब 33.5 डिग्री तक जा पहुंचा है। गुरुवार को राजनांदगांव प्रदेश में सबसे गर्म जिला रहा।

जिले में अधिकतम तापमान सामान्य से लगभग सवा पांच डिग्री तक अधिक बना हुआ है। वहीं न्यूनतम तापमान 19 डिग्री पर रहा, यह सामान्य से लगभग तीन डिग्री कम रहा। दिन और रात के तापमान में बड़ा अंतर होने का सीधा असर लोगों की सेहत पर दिखाई दे रहा है। खासकर बच्चों एवं बुजुर्ग वायरल की चपेट में अधिक आ रहे हैं। जिसके चलते अस्पतालों और निजी क्लीनिक में भी भारी भीड़ देखने को मिल रही है। विभाग के अनुसार मौसम में ठंडकता बढ़ने की संभावना जताई गई है।

### फील्ड में जाकर सत्यापन करने के निर्देश, जिले में पौने दो लाख बीपीएल कार्ड

# पांच एकड़ से अधिक जमीन वाले छह हजार परिवारों के पास बीपीएल कार्ड, सत्यापन के बाद होंगे निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राशन कार्ड को लेकर अब एक और सत्यापन की प्रक्रिया शुरू किए जाने की तैयारी कर ली गई है। ऐसे बीपीएल राशन कार्डधारक जिनके पास पांच एकड़ या इससे अधिक जमीन है, उन राशन कार्ड धारकों को अब बीपीएल श्रेणी से हटाने का काम किया जाएगा।

इनके नए एपीएल राशन कार्ड बनाए जाएंगे। बताया गया कि जिले में करीबन छह हजार ऐसे परिवार हैं, जिनके पास पांच एकड़ से अधिक जमीन होने के बावजूद उनका बीपीएल राशन कार्ड बना हुआ है। शासन से मिले निर्देश पर इनके वैरिफिकेशन का काम शुरू भी कर दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश स्तर से सभी जिलों को ऐसे हितग्रहियों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके बाद आगे की कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार के निर्देश के बाद सभी प्रदेश में समय-समय पर गरीबी रेखा में बने हुए अमीर परिवारों को हटाने का काम किया जाता रहा है। प्रदेश में भी अब शासन द्वारा पांच एकड़ से अधिक जमीन धारकों को गरीबीरेखा से नीचे यानि बीपीएल राशन कार्ड धारकों को हटाने की तैयारी की जा रही है।

ज्ञात हो कि ऐसे राशन कार्ड धारक जिनके पास ढाई एकड़ 2.47 एकड़ से ज्यादा जमीन है, वह केंद्र सरकार के मुताबिक बीपीएल कार्ड धारक नहीं हो सकते। बताया जा रहा है कि जल्द इनके राशन कार्ड निरस्त करने की प्रक्रिया भी शुरू हो सकती है।



### केंद्र अनुसार ढाई, प्रदेश में 5 एकड़ की छूट

ढाई एकड़ भूमि वाले कार्डधारियों का नाम भी शामिल है। इनमें पांच एकड़ से अधिक स्वामित्व वाले हितग्राही, छह लाख से ज्यादा वार्षिक आय वाले, मृत हो चुके सदस्य और पलायन करने वाले सदस्य जिनका राशन नहीं उठ रहा, ऐसे हितग्राहियों के बीपीएल राशन कार्ड निरस्त होने का खतरा मंडराने लगा है।

### 90 हजार के पास ढाई एकड़ जमीन

सार्वजनिक वितरण प्रणाली व राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत बीपीएल हितग्राहियों के राशन कार्डों का सत्यापन कार्य किया जाएगा। केंद्र सरकार के ढाई एकड़ वाले मापदंड के अनुसार जिले में 90 हजार परिवार ऐसे हैं, जिनके पास ढाई एकड़ से अधिक जमीन होने के बावजूद बीपीएल कार्ड है। वहीं प्रदेश सरकार के नियमानुसार सात हजार परिवार के पास पांच एकड़ जमीन से अधिक होने के साथ ही बीपीएल कार्ड है।

### सत्यापन से सामने आएगी सच्चाई

बताया गया कि जिले में भी हजारों लोगों ने 5 एकड़ से अधिक भूमि होने के बावजूद बीपीएल राशन कार्ड बना लिया है। ऐसे लोगों को सत्यापन किया जाना है। राशन कार्ड सत्यापन के लिए योजना तैयार की गई है। पटवारी हल्का के हिसाब से पटवारियों को सूची उपलब्ध कराई जाएगी। उन्हीं के द्वारा मार्किंग बाद यह तय हो पाएगा कि राशन कार्डधारी 5 एकड़ से कम जमीन का मालिक या 5 एकड़ से अधिक भूमि का मालिक।

## लोगों को चाकू दिखाकर किया भयभीत, पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



आम लोगों को चाकू दिखाकर भयभीत करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपी से धारदार चाकू बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों के खिलाफ धरपकड़ अभियान तेज कर दिया गया है। इसी कड़ी में पुलिस को 16 अक्टूबर को सूचना प्राप्त हुआ कि विकास यदु निवासी चौखड़ियापारा राजनांदगांव का गौरवपथ रोड में अपने हाथ में चाकू लेकर आने-जाने वाले आम नागरिकों को डरा-धमका रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम को मौके पर रवाना किया गया तथा उपरोक्त टीम द्वारा आरोपी विकास यदु के कब्जे से एक नग धारदार चाकू जब्त कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय से आरोपी को जेल वारंट प्राप्त होने के पश्चात जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू, सहायक उपनिरीक्षक जीवराज रावटे, प्रधान आरक्षक राजेश परिहार की भूमिका रही।

# दो पहिया वाहन में ले जा रहे थे अवैध रूप से शराब, 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



धरपकड़ अभियान के तहत डोंगरगढ़ क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री में लगाम लगाने शराब कोचियों, तस्करों पर नजर रखने के साथ ही अवैध गतिविधियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकूबाज एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में 15 अक्टूबर को पुलिस पेट्रोलिंग जुर्म जरायाम पतासाजी करते ग्राम मुरमुंदा के तरफ से डोंगरगढ़ की ओर आ रहे थे, तभी एक मोटर साइकिल में दो लोग मेढा की तरफ से तेज गति से डोंगरगढ़ की तरफ जा रहे थे। पुलिस की गाड़ी को देखकर अपनी मोटर साइकिल की गति को और बढ़ाने लगे, जिस पर वाहन को रोकने हेतु सायरन देते रोकवाने की कोशिश किया गया।

**भागने की फिराक में वाहन से गिरे :** जिससे चालक और अपनी स्पीड़ बढ़ाने लगा और 1 किमी डोंगरगगढ़ से पिपरिया तिराहा अंधेरे होने की वजह से वे दोनों व्यक्ति अपनी मोटर साइकिल को न सम्हालते गिर गए। जिससे मौके पर दोनों व्यक्तियो को पकड़ा गया। नाम व पता पूछने पर अपना नाम रंजन निषाद 25 साल निवासी ग्राम मेढा, पप्पू निषाद 27 साल ग्राम मालडोंगरी का बताया। जिसके कब्जे से अवैध रूप से अवैध रूप से एक बड़ा थैला से 50 पौवा सवा शेरा देशी मदिरा एवं 7 नग बाम्बे गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब एव मोटर साइकिल सीडी डिलक्स को जब्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध धारा-34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कार ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।






### म्युनिसिपल स्कूल मैदान में लगा पटाखा बाजार

# पटाखों में दिखेगी ऑपरेशन सिंदूर की झलक, कई आकर्षक वेरायटी उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दीपावली पर्व का उत्साह इस वर्ष ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी के साथ नजर आएगा। इसके लिए शहर के पटाखा दुकानों में भारतीय सेना के शौर्य को समर्पित ऑपरेशन सिंदूर की आतिशबाजी बाजार में उतारी गई है। ऑपरेशन सिंदूर टैंक पटाखे आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

दीपावली पर्व के दौरान हर वर्ष नई वेरायटियों के साथ पटाखे मार्केट में पहुंचते हैं। इस वर्ष भी कई नए पटाखे बाजार में बिक्री के लिए पहुंचे हैं, लेकिन इसमें खास पटाखे की बात करें तो ऑपरेशन सिंदूर का पटाखा काफी अलग और आकर्षित करने वाला है। इस पटाखे में इंडियन आर्मी और ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र है। इस पटाखे को एक टैंक के रूप में बनाया गया है। वहीं इसकी खासियत है कि यह 9-इन वन है। यानी 9 अलग-अलग तरीकों से यह फायर करता है। इसमें जमीनी आतिशबाजी के साथ ही हवाई फायर भी दिखता है। इस ऑपरेशन सिंदूर पटाखे की कीमत लगभग 600 रुपए है।




### कुछ के बढ़े दाम

पटाखे में जीएसटी का असर दिखाई नहीं दे रहा है, क्योंकि पटाखे में 18 पर्सेंट जीएसटी पहले भी लगती थी और यह स्लैब अभी भी बरकरार है। इस वजह से पटाखों के दाम जीएसटी कम होने से कम नहीं हुए हैं। बीते वर्ष के मुकाबले इस वर्ष कुछ पटाखों के दाम लगभग 5-6 प्रतिशत बढ़े हैं।

### प्रधानमंत्री के आह्वान का असर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वदेशी सामानों की खरीदी पर जोर दिए जाने से स्थानीय पटाखा व्यापार में इसका असर दिखाई दे रहा है। इस वर्ष पटाखा व्यापारियों ने कोई भी विदेशी पटाखा नहीं खरीदा है। जिसकी वजह से शहर के बाजारों में स्वदेशी पटाखे ही उपलब्ध हैं। कुछ वर्षों तक जहां चीनी पटाखों की भरमार थी। वहीं अब पटाखा दुकान स्थानीय पटाखों से भरा पड़ा है।

### बाजार में पहुंचे नए पटाखे

दीपावली का पर्व पटाखे के बिना अधूरा नजर आता है। ऐसे में पटाखा निर्माता द्वारा नई-नई वेरायटी देने के लिए इस वर्ष बाजार में कई तरह के नए और आकर्षक पटाखे बिक्री के लिए पहुंचे हैं। इसमें एंड्राइड, गिटार, चिंपांजी, गोल्डन रैबिट, कार्टून ओगी, म्यूजिकल अनार, सिल्वर पीकॉक, फोटो फ्लैश, कलर ड्रोन, राफेल जेट सहित कई तरह के पटाखे उपलब्ध हैं।

### बाजार में बिक रहा स्वदेशी पटाखा

शहर के थोक व चिल्लर पटाखा विक्रेता सिंग पटाखा के करनैल सिंग ने बताया कि उनके दुकान में कोई भी विदेशी फटाका नहीं है। उन्होंने कहा कि बीते दिनों पटाखा संगठन ने एक बैठक कर किसी भी प्रकार का विदेशी पटाखा नहीं बेचने का निर्णय लिया है। जिसके तहत एक भी विदेशी पटाखा नहीं बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि चाइनीस पटाखा भी उपलब्ध नहीं है।










## खबर संक्षेप

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष से मुलाकात



**डोंगरगढ़।** राजनांदगांव सर्किट हाउस में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव सिंह से पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने अन्य नेताओं के साथ मुलाकात की।

### नवीन आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने मंगलवार को लक्षणाटोला में नवीन आंगनबाड़ी केंद्र की सौगात दी। इस अवसर पर नारी सम्मान कार्यक्रम के साथ गर्भवती माताओं की गोद भराई एवं छोटे बच्चों के अन्नप्राशन कराया गया। इस मौके पर विधायक बघेल ने कहा कि यह केंद्र माताओं और बच्चों के लिए पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य का केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।




### भोलापुर में शराबबंदी

**कुमर्दा।** ग्राम भोलापुर में ग्राम विकास समिति एवं ग्रामवासियों की बैठक आयोजित कर गांव में शराब की खरीद-बिक्री और सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में शराब बेचने वाले व्यक्ति से 35 हजार, गांव के बाहर के शराब खरीदने वाले से 25 हजार जुर्माना वसूलने का निर्णय लिया। इसी प्रकार शराब पीकर गाली-गलौज या झगड़ा करता पाए जाने पर 11 हजार, सार्वजनिक स्थानों या गांव के भीतर शराब पीते पाए जाने पर 11 हजार का अर्थदंड तय किया गया है। जानकारी के अनुसार शराब बेचने या पीने की जानकारी देने वाले व्यक्ति को 5 हजार को पुरस्कार दिया जाएगा। इसी के साथ ग्राम विकास समिति ने ऑनलाइन गेम्स जैसे फ्री फायर, पबजी आदि पर भी रोक लगाने का निर्णय लिया है। ऐसे गेम खेलते पकड़े जाने पर 10 हजार अर्थदंड और जानकारी देने वाले को 5 हजार का पुरस्कार देने का प्रावधान किया है। ग्रामवासियों ने बताया कि आस-पास के गांवों में हो रही शराबबंदी से प्रेरणा लेकर यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह कदम समाज के उत्थान के लिए है ताकि आने वाली पीढ़ी को नशे और बुरी आदतों से दूर रखा जा सके। गांव के लोगों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि अब भोलापुर नशा मुक्त गांव की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा।

### शिविर में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच

**डोंगरगढ़।** हाईस्कूल प्रांगण भैंसरा में महिला एवं बाल विकास विभाग ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास, पुलिस विभाग, स्वास्थ विभाग के अमला सहित सरपंच उतरा उईके, टामेश्वरी उईके, कांति उईके शामिल हुए। बच्चों ने ड्राइंग एवं रंगोली बनाया जिसके विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों के हिमोग्लोबिन की जांच किया। पुलिस विभाग ने साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताया। कार्यक्रम में मोनिका सुकतेल, अखिल अम्बादे, ओमप्रकाश सूर्यवंशी, अर्पणा बोरकर, जया साहू, सूरज, राजेंद्र श्रीवास्तव, सुलोचना कंवर, पिंकी तिवारी, रानी साहू, लीना साहू, राजेश राजेकर, पोषण लिल्हारे, पुष्पा निर्मलकर, सुलोचना वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### व्यापारियों ने रखी दुकान बंद, आदिवासियों की मांग का विरोध

# पूजा विवाद ने पकड़ा तूल, हिन्दू संगठन हुए मंदिर ट्रस्ट के साथ

## रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

आदिवासी समाज द्वारा मां बम्लेश्वरी मंदिर में दखल को लेकर छेड़ी गई मुहिम के खिलाफ हिन्दू संगठनों ने ट्रस्ट समिति को अपना समर्थन देते हुए मोर्चा खोल दिया है। । धार्मिक और समाजिक संगठनों ने ट्रस्ट समिति के पक्ष में बैठक का कर एकजुटता के साथ इसका विरोध दर्ज कराते हुए अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपने की तैयारी कर लिया है।

उपर मंदिर छिरपानी मार्ग के व्यापारियों ने ट्रस्ट समिति के पक्ष में अपना व्यापार बंद कर आदिवासियों की नाजायज मांग का विरोध किया। स्थानीय महावीर मंदिर प्रांगण से दोपहर 2 बजे मौन रैली निकाली गई जिसमें धार्मिक और समाजिक संगठन सहित आम लोग शामिल हुए। करीब एक घंटे तक उपस्थित लोगों ने इस विषय पर चर्चा की फिर मौन रैली निकाली गई जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंची। इस मामले को गंभीरता से लेने ज्ञापन सौंपा गया।






### शांतिपूर्ण रास्ता निकाला जाएगा

एसडीएम एम भार्गव ने कहा कि बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति और आदिवासियों ने ज्ञापन सौंपा है। उनकी बातों और मांगों पर मनन कर शांतिपूर्ण रास्ता निकालने का प्रयास किया जाएगा।

### पंचमी की घटना निंदनीय

क्वांर नवरात्रि की पंचमी को माँ बम्लेश्वरी मंदिर में घटी घटना के खिलाफ शहर में विरोध के स्वर उठने लगे हैं। माहेश्वरी सभा, युवा मानिकपुरी कबीर, गुरूद्वारा समिति, श्री मारूति नंदन भक्त समिति एवं दुधगहिरा समाज ने इस घटना की निंदा की है। सामाजिक जनों ने बताया कि आदिवासी समाज के कुछ लोगों ने पंचमी भेंट के दौरान मंदिर के गर्भगृह में जबरन प्रवेश कर पूजा अर्चना किया, जबकि मंदिर नियमों के अनुसार आमजन का गर्भगृह में प्रवेश पूर्णतः वर्जित है। संगठनों ने कहा कि ऐसे अनधिकृत कृत्य सनातन हिन्दू समाज की धार्मिक आस्था और भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाले हैं। सभी समाजों ने प्रशासन से दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उक्त मीटिंग में महेश्वरी समाज अध्यक्ष सुनील तापड़िया, राजेन्द्र कोठारी, मनीष दरगड़, राजेश दम्माणी, श्रेयष भैय्या, मनोज दम्माणी, रमेश गट्टानी, राधावल्लभ तापड़िया, गिरिराज तापड़िया, गोपाल दम्माणी, मोहन दम्माणी, बंशी दरगड़, दुधगहिरा यादव समाज के अध्यक्ष शिवा यादव, प्रकाश यादव, मानिकपुरी समाज के अध्यक्ष मगनदास मानिकपुरी, गोपाल दास मानिकपुरी, श्री मारूति नंदन भक्त समिति के अध्यक्ष अभिषेक साहू, कृष्णा गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

# दीपिका के व्यंजनों ने सबको लुभाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

■ विश्व खाद्य दिवस पर अर्जुनी कॉलेज में स्पर्धा आयोजित

स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर हेल्दी फूड स्टॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्व खाद्य दिवस का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर भोजन की समस्या, भूख, कुपोषण और खाद्य सुरक्षा के मुद्दों के प्रति जागरूकता फैलाना है जिसे ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में हेल्दी फूड स्टॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। स्पर्धा में तीनों संकाय के छात्र-छात्राओं ने स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों के स्टॉल लगाए एवं उन्होंने अपने व्यंजनों के पोषक तत्वों की जानकारी दी। प्रतियोगिता में प्रथम दीपिका, टेमेश्वरी, दिशा, नेहा, द्वितीय स्थान रेणुका, खिलेश्वरी, अंजली तथा तृतीय स्थान ज्ञानेश्वरी, शीतल, लक्ष्मी,दुर्गा ने प्राप्त किया। अन्य विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। इस आयोजन में अतिथि व्याख्याता एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल हुए।

## खिलाड़ियों ने जीते कई पदक

**डोंगरगढ़।** सहारनपुर में आयोजित सीनियर जूजित्सू राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रही अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राणा वसुंधरा सिंह ने तीन अलग अलग इवेंट में 3 स्वर्ण पदक प्राप्त किया। उन्होंने 63 किलोग्राम नेवाजा में सभी मैच नाकआउट करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसी प्रकार फाइटिंग सिस्टम और टीम इवेंट में भी स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसी क्रम में होनहार खिलाड़ी निधि वर्मा ने 57 किलोग्राम नेवाजा के फाइनल में नॉकआउट में हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। उन्हे फाइटिंग सिस्टम में रजत पदक मिला। टीम इवेंट में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। पुरुष वर्ग के 56 किलोग्राम वजन समूह में नेवाजा में अनुज दम्मानी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कांटेक्ट फाइट में रजत पदक प्राप्त किया। पदक हासिल कर लौटने पर रेलवे स्टेशन में खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान जिला संघ के सचिव तरुण वरकडे, प्रदेश सह सचिव बाबूराव जनबंधु, क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार नंदेश्वर, राजेश दमानी आदि मौजूद थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम 18 को

**पटेवा।** अवेली में लक्ष्मी उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में 18 अक्टूबर को रात्रि 9 बजे से छत्तीसगढ़ी लोककला नाच पार्टी घीना का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी आनंदराम साहू ने देते हुए अंचल के लोगों से उपस्थित होने की अपील की है।

### मंडई मेला 23 को

**चिचोला।** पिनकापार में दीपावली एवं भाईदूज के अवसर पर आगामी 23 अक्टूबर को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में लोक कलाकार चम्पा निषाद का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम के वेद यादव ने दिया।

### छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम आज

**पटेवा।** मासूल भाठापारा में दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में लक्ष्मी स्थापना के मौके पर कल 17 अक्टूबर को चंपा बसंत नाच पार्टी भकुर्रा का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी आयोजक समिति कमलेश वर्मा ने देते हुए अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# बोड़ला की दो खिलाड़ी हॉकी टीम में चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत हॉकी टीम में पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल बोड़ला से आरती निषाद कक्षा 9 वीं, रितिक दिवाकर कक्षा 9 वीं का चयन उनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तर पर किया गया है। दोनो ही खिलाड़ी कोरबा में अपने खेल का प्रदर्शन कर अपने स्कूल और बोड़ला नगर का नाम रौशन कर रही है यहां बताना लाजिमी होगा कि साभी खेलो में बोड़ला की बेटियां आगे है। इससे पूर्व हांकी प्रतियोगिता राजनादगांव में यशोदा और दुर्गा ने गोल्ड मेडल जीता फिर रायपुर में ब्रॉन्ज मेडल जीता ये सभी बच्चे पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल बोड़ला से है। इन्हें प्रशिक्षण देने वाला बृजेश चंद्रवंशी एवं हिमांशु चंद्रवंशी है जो अपने निरंतर सुबह-शाम इन बच्चों को अभ्यास करते हैं।



### आम सूचना

सर्व साधरण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सुभाषचंद शर्मा, वरूण शर्मा एवं, वीणा मिश्रा पिता स्व. भानू प्रसाद शर्मा के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य में नजूल शहर डोंगरगढ़ के शीट क्रमांक 5 में भूखण्ड क्रमांक 1220 क्षेत्रफल 4163 वर्गफुट डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव छ.ग. स्थित है। मेरे पक्षकारो के भाई अरूण शर्मा पिता स्व. भानू प्रसाद शर्मा के द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ के समक्ष मिथ्या जानकारी देकर कपट पूर्वक एक पक्षीय नामांतरण आवेदन पेश कर विधि विपरित आदेश दिनांक 10/07/2025 को प्राप्त कर अपना नाम दर्ज करने में सफल हो गया है जिसकी जानकारी होने पर उसके विरूद्ध मेरे पक्षकारो ने अपर कलेक्टर राजनांदगांव के समक्ष अपील प्रस्तुत की है जो विचारण हेतु लंबित है जिस कारण कोई भी व्यक्ति संस्था अथवा बैंक अरूण शर्मा पिता श्री भानू प्रताप शर्मा निवासी कोरबा से उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के क्रय विक्रय अथवा बंधक संबंधी कोई लेन-देन अथवा संव्यवहार नही करें अगर किसी के द्वारा सौदा अथवा विक्रय पत्र अथवा बंधकनामा निष्पादित कराया जाता है तो वह शून्य होकर मेरे पक्षकारो पर बंधनकारी नही होगा।

**सो सूचना जाने।**

दिनांक 15/10/2025
स्थान डोंगरगढ

भवदीय
जसवंत बागडे अधिवक्ता
पता थाना चौक कचहरी रोड डोंगरगढ
मो.नं. 9300230726,9424111705

### न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202509090100007

विषयः- अ-6 अ सनः- 2024 2025

मामले की श्रेणी :- राजस्व

कुरूभाठ प.ह.न. 00029 [(हे.)]

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार राजेश कुमार जैन, अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन,

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेश कुमार जैन आ. स्व. श्री नेमीचंद जैन, निवासी स्टेट बैंक के पास, वार्ड नंबर-12, डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर स्वयं के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम कुरूभाठ, प.ह.नं.-29, तहसील डोंगरगढ़ स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 51/10, 51/5, रकबा क्रमशः 0.36 एकड़ / 0.146 हे. एवं 0.03 एकड़/0.012 हे. के राजस्व ऑनलाईन भुईया अभिलेख को दुरूस्त करने हेतु आदेश पारित करने का अनुरोध किया गया है। आवेदन के साथ भूमि व्यपवर्तन तथा भू-अर्जन से संबंधित दस्तावेजो की प्रति के साथ, ऋण पुस्तिका एवं बी-1, खसरा, नक्शा की प्रति प्रस्तुत किया गया है। MO. 9300617900

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 31.10.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/10/2025 को जारी किया जाता है।

Neelkanth Janbandhu
तहसीलदार
तहसील - डोंगरगढ़

मुहर

### कृषि विभाग ने जारी किया आदेश

# फसल बीमा फर्जीवाड़ा, दर्ज होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत धोंधा में प्रधानमंत्री फसल बीमा में हुए लाखों के फर्जीवाड़ा में दोषियों के खिलाफ शीघ्र ही एफआईआर दर्ज कराई जा सकती है। संचनालय कृषि विभाग के सख्त आदेश के बाद कृषि विभाग ने इस दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। इस फर्जीवाड़े के लिए जिम्मेदार आरोपियों, सीएससी सेंटर संचालकों और बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों सहित अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का आदेश जारी किया गया है। कृषि विभाग के उप संचालक राजकुमार सोलंकी ने इस आशय की पुष्टि करते हुए बताया कि उन्हें संचनालय से लिखित आदेश मिल गया है, जिसकी जानकारी कलेक्टर को दी गई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

उक्त मामला रबी फसल 2024-25 का है। फसल बीमा कंपनी एआइसी ने 2 अगस्त को लाभांवित किसानों के नाम और खसरा नंबर जारी किया और गत 11 अगस्त को खातों में पैसा ट्रांसफर किया, तब धोधा के किसानों को इस फर्जीवाड़े का पता चला। जानकारी के अनुसार किसानों की खेत की फसल का बीमा उनकी जानकारी या अनुमति के बिना ही गांव के कुछ व्यक्तियों, जिसमें अनिश गौतम, उसकी पत्नी भूमिका गौतम, देवेंद्र कुमार और खुमान राम शामिल हैं, के नाम पर कर दिया गया।


टीम बनाकर किया फसल बीमा के पैसों का बंदरबाट

फसल बीमा के नाम पर लाखों की गड़बड़ी

### इन व्यक्तियों ने उठाया लाखों का लाभ

शिकायत के अनुसार धोधा निवासी अनिश सिंह गौतम के नाम पर सम्मिलित चारागाह सहित लगभग एक दर्जन खसरों का बीमा किया गया और लाखों रूपए उनके खाते में ट्रांसफर की गई। इसी तरह, उनकी पत्नी भूमिका गौतम के खाते में दो खसरों की राशि, खुमान राम के नाम पर 18 अलग-अलग खसरा नंबरों की राशि और देवेंद्र कुमार के नाम पर 6 अलग-अलग खसरा नंबरों की बीमा राशि जमा की गई, जबकि जमीनें अन्य किसानों के नाम पर थीं।

### यह हो सकते हैं दोषी

जाँच के अनुसार इस फर्जीवाड़े के लिए कई विभाग और व्यक्ति सीधे तौर पर जिम्मेदार हो सकते हैं: जिसमे खाताधारक जिनके खातों में फर्जी तरीके से बीमा राशि जमा की गई। सीएससी सेंटर संचालक जो किसान की बिना सहमति के बीमा करते थे। बीमा कंपनी के एजेंट जो सत्यापन और नियमों को दरकिनार बीमा करते थे। पटवारी और कृषि विभाग के कर्मचारी जिन पर भौतिक सत्यापन और कागजात की जांच की जिम्मेदारी होती है।

### चारागाह का भी बीमा

सबसे गंभीर बात यह है कि गांव के सम्मिलित चारागाह, जिसमें एक दर्जन से अधिक व्यक्तियों के नाम दर्ज हैं, का बीमा भी अनिश गौतम के नाम पर करा लिया गया, और उन्हें ही बीमा राशि जारी कर दी गई। इस फर्जीवाड़े का खुलासा होते ही ग्रामीणों ने एकजुट होकर सबूत जुटाए और 26 अगस्त को विधायक के साथ कलेक्टर से मुलाकात कर शिकायत किया। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच टीम गठित की। जांच टीम ने तीन से चार बार गांव जाकर शिकायतकर्ताओं और आरोपियों के बयान लिए। जांच प्रतिवेदन संचनालय और कलेक्टर को सौंपने के बाद 9 अक्टूबर को संचनालय ने दोषियों पर एफआईआर दर्ज कराने का आदेश जारी किया है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




### मचा हड़कंप, पालकों में देखी जा रही नाराजगी

# आत्मानंद स्कूल में एक साथ चार छात्राएं हुई बेहोश

## गिरिराज किशोर दास के प्रयास से छात्र रिफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

छुईखदान नगर में स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में दोपहर 3 बजे के आस पास कि खबर है जहां स्कूल कि चार छात्राएं एक साथ बेहोश होने लगी थी जिनको स्वांस लेने में तकलीफ होने लगी थी।

ज्ञात हो कि 15 अक्टूबर कि दोपहर कि बात है जहां पर हाफ टाइम के बाद कक्षा 9वीं एक छात्रा को स्वांस लेने में तकलीफ होने की खबर मिली। जिसे देखते ही स्कूल में माहौल बन गया सभी छात्र छात्राएं दहशत में आ गए, फिर स्कूल के कुछ शिक्षकों ने उक्त छात्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया उनके पलकों को खबर की गई।



### बेहोशी की कारण का पता नहीं चल पाया

छात्रों को स्वांस लेने में तकलीफ हुई इलाज समय पर मिल गया। पालक गण बच्चों को खतरे से बाहर देखकर राहत महसूस कर रहे है, लेकिन इसी बीच यह बात भी सामने आ रही है कि ऐसा क्या कारण है कि छात्राएं बेहोश हो गई और एक एक कर चार लोगों की परेशानी बढ़ गई।

### शौचालय का बुरा हाल स्कूल प्रशासन मौन

स्कूल में अध्ययनरत कुछ छात्रों ने बताया कि स्कूल का शौचालय इतना बुरा है कि आप लघुशंका भी नहीं जा सकते। छात्रों ने दबी जुबान यह भी कहा कि शौचालय का दरवाजा में सिटकनी भी नहीं है। कई बार शिकायत करने के बाद भी सुधार नहीं हो पाया। पिछले दिनों एक छात्र ने वाट्स अप के माध्यम से अपनी पीड़ा को आमजन तक पहुंचाया था। छात्रों ने केसीजी जिले के कलेक्टर से शौचायल का जीर्णोद्धार कराने की मांग किया है।

### गिरिराज किशोर की दास ने दिखाई तत्परता

जैसे ही खबर नगर में फैली तो छात्रों को देखने के लिए पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास भी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने डाक्टर से चर्चा कर छात्राओं को तुरंत राजनांदगांव रिफर करवाया। नगर वासियों ने इस कार्य के लिए छुईखदान के राजा साहब को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# गाजर घास उन्मूलन पर किया जनजागरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

रानी अवंतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, छुईखदान के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा ग्रामीण कृषि कार्यानुभव (रावे) कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम गोपालपुर में गाजर घास उन्मूलन पर जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को गाजर घास के हानिकारक प्रभावों तथा इसके नियंत्रण एवं उन्मूलन के उपायों के बारे में जागरूक करना था। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने गांव की गलियों और सड़कों पर जोशीले नारे लगाते हुए ग्रामीणों से गाजर घास हटाने की अपील की। उन्होंने यह संदेश दिया कि यह घास न केवल फसलों के लिए हानिकारक है, बल्कि मानव एवं पशु स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सड़क किनारे उगी गाजर घास को स्वयं उखाड़कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। यह आयोजन डॉ. अविनाश कुमार गुप्ता, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय छुईखदान के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ अरविंद कुमार नन्दनवार, डॉ.सेवक ढ़ेंगे एवं डॉ. दीपिका देवदास का विशेष योगदान रहा।

# विश्वविद्यालय का 69वां स्थापना दिवस मनाया गया

## राजा-रानी एवं राजकुमारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण



**खैरागढ़।** इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय का 69वां स्थापना दिवस राजा-रानी की दानशीलता को स्मरण कर मनाया गया। सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के संस्थापकद्वय राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह एवं रानी पद्मावती देवी तथा राजकुमारी इन्दिरा की प्रतिमा पर कुलपति सहित अधिष्ठातागण, शिक्षकगण एवं अधिकारियों के द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। तत्पश्चात संगीत संकाय के विद्यार्थियों द्वारा कुलगीत की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा ने कहा कि बहुत ही हर्ष का विषय है कि हम इस विश्वविद्यालय का 69वां स्थापना दिवस मना रहे हैं। हमारे लिये यह गौरव की बात है कि हमने इतनी लंबी यात्रा तय की है। इस विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति डॉ. केएन रातंजनकर जिनके अंदर कला और शास्त्र दोनों का गहन समन्वय था। उन्होंने इस विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में बहुत संघर्ष किया। आज हम बहुत समृद्ध स्थिति पर पहुंच गये हैं। इस विश्वविद्यालय को कला के लिये समर्पित विश्व का श्रेष्ठ विश्वविद्यालय बनाना है, ऐसी मेरी कल्पना एवं प्रयास है, जो कमियां है उसे सब मिलकर दूर करेंगे। कुलपति ने सभी को स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अधिष्ठाता प्रो.डॉ. राजन यादव ने अपना महल दान किये जाने के संबंध में राजा वीरेन्द्र बहादुर एवं रानी पद्मावती देवी के बीच हुई बातचीत का वर्णन किया। अंत में आभार व्यक्त करते हुये प्रभारी कुलसचिव डॉ. सौमित्र तिवारी ने सभी को स्थापना दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता छात्रकल्याण डॉ. देवमाईत मिंज ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिष्ठातागण, अधिकारीगण, शिक्षकगण, कर्मचारीगण तथा विद्यार्थी, शोधार्थीगण उपस्थित थे।

# साइकिल पाकर छात्राओं के खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़



छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी सरस्वती साईकिल योजना के अंतर्गत ब्लॉक के विभिन्न हाईस्कूलों बफरा, मड़ौदा एवं अतरिया में अध्ययनरत कक्षा 9वीं की छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान जब छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई, तो उनके चेहरों पर मुस्कान खिल उठी। छात्राओं ने साइकिल पाकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डे के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अब उन्हें स्कूल आने-जाने में कोई कठिनाई नहीं होगी और वे नियमित रूप से पढ़ाई कर सकेंगी। इस योजना की सराहना करते हुए छात्राओं ने कहा कि पहले दूर-दराज के गांवों से स्कूल आना बहुत कठिन होता था, लेकिन अब साइकिल मिलने से समय की भी बचत होगी और सुरक्षा की दृष्टि से भी यह बहुत उपयोगी सिद्ध होगी। अपने संबोधन में विक्रांत सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। सरस्वती साइकिल योजना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी छात्रा की शिक्षा केवल आने-जाने की असुविधा के कारण बाधित न हो।

कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर हरप्रसाद वर्मा, देवकुमार सेन, जमुना कुर्रे, नरेश कुर्रे, बिमला वर्मा, जितेंद्र वर्मा, मुकेश वर्मा, केशव वर्मा और नरेश वर्मा सहित

# आईआईटी भिलाई का शैक्षणिक भ्रमण

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत जिले के सभी विकासखंड के सेकंडरी स्तर के 85 विद्यार्थियों को आईआईटी भिलाई का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। आईआईटी भिलाई के प्रोफेसरों ने बच्चों को आवश्यक कैरियर मार्गदर्शन दिया और आईआईटी में प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। बच्चों को आईआईटी भिलाई के तकनीकी विभाग, बायोटेक्नोलॉजी विभाग सहित भौतिकी, बायोटेक एवं ऑप्टिकल लैब का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने अटल टिंकरिंग लैब एवं इंस्पायर अवार्ड के लिए बनाए गए मॉडल को अपग्रेड के संबंध में जानकारी ली। शैक्षणिक भ्रमण से बच्चे आईआईटी जैसे प्रतिष्ठत संस्थानों में प्रवेश हेतु प्रोत्साहित हुए। शैक्षणिक भ्रमण में रोहित कुमार सिन्हा, कार्यक्रम की प्रणीता शर्मा, शिक्षक एवं बच्चे शामिल थे।

# छत्तीसगढ़ की महिला अंडर-19 टीम घोषित

## नांदगांव की चार खिलाड़ियों का चयन, मुंबई में खेलेगी टी-20 ट्रॉफी 2025-26

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) जो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से संबद्ध है, ने महिला अंडर-19 टीम की घोषणा की है। यह टीम आगामी महिला अंडर-19 टी-20 बीसीसीआई ट्रॉफी 2025-26 में हिस्सा लेगी, जो 26 अक्टूबर से मुंबई में आयोजित होगी। टीम के चयनित खिलाड़ियों को निर्देश दिया गया है कि वे होटल किंग्सवे कॉन्टिनेंटल रायपुर में रिपोर्ट करें। सभी खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड, रंगीन पोशाक और किट बैग साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं रायपुर के स्थानीय खिलाड़ी दोपहर 2 बजे तक आरडी ग्राउंड में अभ्यास सत्र के लिए रिपोर्ट करेंगे।



### टीम के चयनित खिलाड़ी

टीम के चयनित खिलाड़ियों में आकांशा रानी, अर्चिता मिस्त्री, भाविका साहू, चांद चेलक विकेटकीपर, दीपिका भगत, जपनीत कौर जस्सल, महक नरवासे कप्तान, मिताली नरेटी, मोनिका श्रीवास, पलक सिंह, शांति बघेल, शिविका अग्रवाल, शेख नाजिया विकेट कीपर, श्रेया श्रीवास, सिलमनी कंडुलना, यति शर्मा शामिल हैं।

### नांदगांव की चार खिलाड़ियों का चयन

राजनांदगांव जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने टीम में जिले की चार महिला खिलाड़ियों में जपनीत कौर जस्सल, महक नरवासे कप्तान, मिताली नरेटी और शिविका अग्रवाल के चयन पर हर्ष व्यक्त किया है। एसोसिएशन ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी तथा उम्मीद जताई कि वे आगामी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर राज्य और जिले का नाम रोशन करेगी।

### बेटियां राष्ट्रीय स्तर पर बना रही पहचान

राजनांदगांव जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी और सचिव योगेश बागड़ी ने कहा कि राजनांदगांव की प्रतिभाशाली बेटियां लगातार राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही है। टीम की कप्तान महक नरवासे हैं। जिनका चयन विगत दिनों भारतीय क्रिकेट टीम अंडर-19 में अंतिम 25 खिलाड़ियों में किया गया है, उनका चयन जिले के लिए गर्व का विषय है। हमें विश्वास है कि ये खिलाड़ी मुंबई में होने वाले टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी है।

# राष्ट्रीय डाक सप्ताह का हुआ आयोजन, योजनाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शहर के स्थानीय पोस्ट ऑफिस में राष्ट्रीय डाक सेवा सप्ताह के तहत कस्टमर मीट का आयोजन किया गया। इस दौरान डाक विभाग के माध्यम से चलाई जा रही केंद्रीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही डाक विभाग की सेवाओं का उपयोग करने वाले नियमित ग्राहकों के साथ समीक्षा की गई।

डाक विभाग के संभागीय अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि 1 अक्टूबर 1854 को डाक विभाग अस्तित्व में आया था। हर वर्ष अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इसमें डाक विभाग द्वारा अलग-अलग गतिविधियां की जाती है। जिसमें सामान्य जनता, विद्यार्थी और सभी शामिल होते हैं। उन्होंने बताया कि 1 अक्टूबर 2024 से राजनांदगांव डाक संभाग अस्तित्व में आया है।

उसके बाद यहां सुविधाएं बढ़ी है। उन्हें कहा कि जल्द ही दीपावली के बाद डाक विभाग अपने नए कार्यालय में शिफ्ट हो जाएगा।

### लिया गया फीडबैक

डाक विभाग में चलाई जा रही केंद्र सरकार की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर कस्टमर मीट के आयोजन के तहत फीडबैक लिया गया। वहीं सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए राय ली गई। इस दौरान योजनाओं का सहीं क्रियान्वयन हो रहा है कि नहीं इसको लेकर भी बैठक के माध्यम से समीक्षा हुई। इस दौरान डाक विभाग के केके तिवारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# जिले में इंसीडेन्ट रिस्पांस सिस्टम टीम का गठन

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा तैयार किए गए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन नीति-2009 एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन दिशा-निर्देश इंसीडेन्ट रिस्पांस सिस्टम को अपनाते राज्य स्तर पर मुख्य सचिव एवं जिला स्तर पर जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में इंसीडेन्ट रिस्पांस सिस्टम अंतर्गत इंसीडेन्ट रिस्पांस सिस्टम टीम का गठन किया गया है। इंसीडेन्ट रिस्पांस सिस्टम राज्य एवं जिला स्तर पर आपदाओं से निपटने तथा तत्काल राहत सहायता उपलब्ध कराएगी।

# सिंपल भाषा के साथ तीन वर्षों का एमओयू

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव ने विद्यार्थियों के कौशल विकास एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के समग्र शिक्षा के उद्देश्य को परिणित करने के लिए सिंपल भाषा के साथ तीन वर्षों का एमओयू किया। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने बताया कि सिंपल भाषा एमएसएमई में पंजीकृत एक संस्था है, जो विशेषतः छत्तीसगढ़ के महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इन तीन वर्षों के दौरान महाविद्यालय सिंपल भाषा के साथ मिलकर छात्राओं के सम्प्रेषण कौशल, वैयक्तिक विकास, उद्यमीय कौशल, नेतृत्व क्षमता, पेशेवर एवं नैतिक मूल्य एवं संवैधानिक जागरूकता जैसे विषयों पर कार्यक्रम आयोजित करेगा। साथ ही सिंपल भाषा की ओर से छात्राओं को इंटर्नशिप भी उपलब्ध करवाई जाएगी। इस



अवसर पर महाविद्यालय के रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. संजय ठिसके, दीपक परगनिहा रजिस्ट्रार एवं सिंपल भाषा के संस्थापक डॉ. प्रतीक शर्मा मौजूद रहे।

### रानी अवंतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

# कृषि यंत्रों को बढावा देने कृषक प्रशिक्षण सह प्रदर्शन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, छुईखदान में लघु कृषकों को कृषि यंत्रों के उपयोग को बढावा देने के उद्देश्य से कृषक प्रशिक्षण सह प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में इंगांकृविवि रायपुर से अतिथि के रूप में पधारे डॉ. व्हीएम विक्टर, प्राध्यापक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि अभियांत्रिकी विभाग एवं डॉ. अखिलेश कुमार चन्द्राकर तकनीकी सहायक का स्वागत एवं सम्मान कृषि महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. दीपिका देवदास, डॉ. अरविन्द कुमार नंदनवार एवं प्रयोगशाला तकनीशियन डॉ. रायसेन पाल के द्वारा किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. ओपी सोनवानी, डॉ. उमेश चन्द्र देशमुख, डॉ. अजीत, डॉ. प्रेरणा जायसवाल, डॉ. झरना चतुर्वेदानी, लिपिक कोमल प्रसाद गांवरे, सुनील कुमार मधुकर, जलेश्वरी कंवर उपस्थित रहे।

### किसानों को किया गया यंत्र वितरित

डॉ. बीएस असाटी, प्राध्यापक ने बताया कि पशु चलित कृषि यंत्रों के माध्यम से खेती करने पर लागत को कम करके उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है। प्रशिक्षण के दौरान इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर एवं कृषि महाविद्यालय के द्वारा पशु चलित कृषि यंत्र एवं कृषि औजार क्षेत्र के किसानों को वितरित किया गया। इस प्रशिक्षण में क्षेत्र के लगभग 40 कृषक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन तामिन, डॉ. सेवक अमृत ढेंगे एवं डॉ. कन्हैया लाल ने किया।



### मशीनों की दी जानकारी

उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. व्हीएम विक्टर, प्राध्यापक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि अभियांत्रिकी विभाग, इं.गां.कृ.वि.वि. रायपुर के द्वारा कृषि कार्य में उपयोग होने वाली नई-नई मशीनों की जानकारी दी। इसी प्रकार डॉ. अखिलेश कुमार चन्द्राकर तकनीकी सहायक, इं.गां.कृ.वि.वि. रायपुर के द्वारा पशु चलित कृषि यंत्रों की जानकारी दी। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. एके गुप्ता ने बताया कि छुईखदान कृषि के क्षेत्र में उन्नति कर रहा है किन्तु नवीन मशीनों के उपयोग से किसान अनभिज्ञ है, इस प्रकार के यंत्रों से कृषि कार्य सरल हो जायेगा। पशु उर्जा का सही उपयोग करने से किसानों को कृषि लागत में भारी कमी आयेगी।



### विस अध्यक्ष ने किया स्वच्छता दीदियों का सम्मान

# लक्ष्मी वहीं आती है जहां सफाई होती है : रमन

**राजनांदगांव।** दीवाली त्योहार के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने स्वच्छता दीदियों, निगम की महिला कर्मियों और स्व-सहायता समूह की महिलाओं को साड़ी वितरण कर उन्हें उपहार देते उनका सम्मान किया।

नगर निगम द्वारा दीवाली त्योहार के पूर्व महिला कर्मियों को साड़ी वितरण किया गया। इस अवसर पर शहर के पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल हुए, जिन्होंने स्वच्छता दीदियों, निगम की महिला कर्मियों एवं वूमेन फार ट्री अंतर्गत स्व-सहायता समूह की दीदियों को साड़ी वितरण किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि नगर की सफाई का दायित्व इन स्वच्छता दीदियों के कंधों पर है। दीपावली के पहले सफाई और बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि लक्ष्मी वहीं आती है, जहां सफाई होती है।



### डॉ. रमन सिंह ने काटा केक

कार्यक्रम के अवसर पर डॉ. रमन सिंह ने केक काटा। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, निगम के पार्षदगण, संतोष अग्रवाल, दिनेश गांधी, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### स्वच्छता रैंकिंग बढ़ाने का संकल्प

इस आयोजन को लेकर महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि डॉ. रमन सिंह का जन्म दिवस मनाया गया है और आज उनके हाथों स्वच्छता दीदियों का सम्मान हो रहा है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव नगर निगम को स्वच्छ शहर के 79 से 14 स्थान पर लाया गया है। अब इसे अंडर फाइव में लाने का संकल्प किया गया है। महापौर ने कहा कि हम सबकी मेहनत अच्छे से होगी तो हम इस पायदान पर आएंगे।

# देवी-देवताओं के चित्र वाले पटाखों की बिक्री न करें

**राजनांदगांव।** दीपावली अवसर पर हिंदू जागरण मंच ने पटाखा विक्रेताओं से अपील की है कि वे ऐसे पटाखों की बिक्री से परहेज करें, जिन पर हिंदू देवी-देवताओं के चित्र छपे हों। संगठन का कहना है कि इस तरह के पटाखों से धार्मिक भावनाएं आहत होती है और यह हिंदू धर्म का अपमान है।

हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक सुशील लड्ढा ने पटाखा दुकानदारों से भावनात्मक अपील करते कहा कि धार्मिक प्रतीकों और देवी-देवताओं के चित्रों वाले पटाखे न बेचें। उन्होंने कहा कि जब हम स्वयं अपने देवी-देवताओं का सम्मान नहीं करेंगे तो दूसरे लोग भी उनका मजाक उड़ाने से नहीं चूकेंगे। उन्होंने कहा कि दीपावली हिंदू धर्म का सबसे बड़ा पर्व है, जो प्रभु श्रीराम के अयोध्या आगमन की स्मृति में मनाया जाता है। इस दिन पूरा देश दीप जलाकर और उत्साहपूर्वक पटाखे फोड़कर हर्षोल्लास व्यक्त करता है।

श्री लड्ढा ने कहा कि हिंदू जागरण मंच की ओर से सभी हिंदू भाई-बहनों को दीपावली के पांचों दिवस की शुभकामनाएं दी जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी दुकानदार के यहां ऐसे पटाखे पाए जाते हैं, जिनसे हिंदू धर्म का अपमान होता है, तो हिंदू जागरण मंच उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने बाध्य होगा और इसका पूरजोर विरोध किया जाएगा।










धनतेरस
की समस्त किसान भाईयों
को अग्रिम हार्दिक बधाई
इस बार मनाएं दिवाली कुबोटा के साथ
एक बार खरीदे, लेकिन ब्रांडेड खरीदें
कुबोटा
ये सिर्फ हार्वेस्टर नहीं, ये है प्रीमियम हार्वेस्टर
आज ही बुकिंग कराएं और अपना व्यापार शुरू करें
प्रतिदिन कमाए 60,000/- से 70,000/- रुपए
जापानी तकनीक
जापान एवं भारत की
नं. 1 चैन कुबोटा हार्वेस्टर
गीली एवं पानी युक्त भूमि के लिए
e-CDIS ईंधन की कम खपत के लिए :- ईको सेंट्रल डायरेक्ट इंजेक्शन तकनीक
4 वाल्व तकनीक बेहतर ज्वलन और अधिक पावर के लिए
बैलेंसर शाफ्ट कम कंपन और कम शोर
सिंक्रोमेश गियर 12 फॉरवर्ड 4 रिवर्स
एक बार खरीदो रिप्लेसमेंट शब्द भूल जाओ
GST छूट का लाभ उठाएं
वर्ल्ड क्लास टेक्नोलॉजी
प्रीमियम ट्रैक्टर कुबोटा
जीरो वायब्रेशन ट्रैक्टर
फोर वॉल टेक्नोलॉजी
बेवल गियर टेक्नोलॉजी
5 ईयर सुपर वारंटी
सबसे कम डीजल खपत
किसी भी कंपनी का ट्रैक्टर लेने से पहले एक बार चलाकर देखें और फर्क जाने..
*नियम एवं शर्तें लागू
GST बचत 20,000 से 1,70,000 तक*
RICE PLANTER
बुकिंग करने डायरेक्ट शोरुम आने पर विशेष छूट
अब एक ही छत के नीचे समस्त कृषि उपकरण
बघेल ट्रैक्टर्स
एन.एच.06. नागपुर हाईवे रोड
बनभेड़ी, राजनांदगांव (छ.ग.)
संपर्क करें : 8643000281, 9753893377, सर्विस एवं स्पेयर : 7067137966

## खबर संक्षेप

### 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत दो विपत्तिग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृती दी है। इसके तहत बोड़ला अनुविभाग अंतर्गत ग्राम लालपुरकला निवासी मोहित पटेल की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नि रेखा पटेल को और ग्राम चिखली निवासी तुशाल धुर्वे की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता श्री रोहित गोंड को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

### स्कूली बच्चों को कराया गया नेवता भोज

**कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्य विद्यालय बम्हनी के शिक्षक टेकेश कुमार भट्ट द्वारा गत दिनो 200 बच्चों को चावल, दाल,खीर पूड़ी, मिक्स वेज सब्जी, टमाटर चटनी, खुद परोस कर नेवता भोज कराया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष लाला राम कौशिक, प्रधान पाठक श्रीमती प्रेमलता बिशेन, शिक्षक बीडी मोहले, श्रीमती त्रिपाठी, मोहित सिंह ठाकुर, एसके देवांगन, टीके साहू ग्राम बम्हनी के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

**समस्या:** दीपावली के पूर्व नगर का बड़ा हिस्सा अंधेरे में, लोगों में भारी असंतोष

# लाखों रुपए का बिल बकाया, नपं पाण्डातराई की कटी बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

वैसे बिजली का रोना इन दिनो पूरे प्रदेश सहित कबीरधाम जिले के नगरीय क्षेत्रों से लेकर वनांचल ईलाकों में साफ दिखाई दे रहा है। उपभोक्ता बढ़े हुए बिजली दरों और मनमाने बिजली बिल के साथ अघोषित विद्युत कटौती, लो-वोल्टेज सहित छत्तीसगढ़ी राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की खस्ताहाल और चरमराई विद्युत व्यवस्था से त्रस्त हैं। वहीं अगर जिले के नगर पंचायत पाण्डातराई की बात की जाए तो यहां नगर के उपभोक्ताओं को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत पाण्डातराई प्रशासन द्वारा समय रहते बकाया बिजली बिल का भुगतान नहीं किए जाने के कारण विद्युत विभाग ने एन दीपावली त्यौहार के पूर्व नगर की बिजली काट दी है। जिसके चलते नगर के कई सार्वजनिक हिस्सों की बिजली आपूर्ति ठप हो चुका है और अंधेरा गहराने के बाद प्रभावित ईलाकों में अंधेरा छा रहा है। बताया जाता है कि नगर पंचायत पाण्डातराई का लाखों रूपए का बिजली भुगतान बकाया है। जिसके चलते नगर के बस स्टैंड डिवाइडर के स्ट्रीट लाइट, भारत माता चौक, नव-निर्मित उप तहसील भवन सहित कई सार्वजनिक स्थलों की बिजली काट दी गई है। नगरवासियों ने बताया कि पंचायत के सभी बोरवेलों की बिजली भी काटी जा रही थी, जिससे पूरे नगर में जल संकट खड़ा हो सकता है। नगर पंचायत पाण्डातराई के जन सेवक अमन पाटस्कर ने बताया कि नगर के उपभोक्ता पहले से ही लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती, वोल्टेज के चलते घरेलू विद्युत उपकरणों के खराब होने की गंभीर समस्या से परेशान है और अब उन्हें दीपावली के ठीक पहले नगर की बिजली काटे जाने से हो रही समस्याएं भी उठानी पड़ रही है। उन्होने बताया कि नगर पंचायत की इस घोरलापरवाही और बिजली विभाग की मनमानी से आम नागरिक त्रस्त हो चुके हैं। वहीं विद्युत विभाग के अधिकारियों ने पुष्टि की कि बकाया भुगतान नहीं होने पर नगर पंचायत की बिजली काटना मजबूरी थी। वहीं नागरिकों ने शासन से अपील की है कि रोशनी का पर्व अंधेरे में न बीते इसके लिए त्वरित समाधान निकाला जाए।





### चार महीने भी नहीं टिक पाई स्ट्रीट लाइट

यहां बताना लाजिमी होगा कि नगर पंचायत पाण्डातराई से होकर गुजरने वाले पोड़ी-बिलासपुर मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान यहां लाखों रूपए खर्च कर बकायदा स्ट्रीट लाईट लगाई गई थी। लेकिन बमुस्किल करीब चार पूर्व लगाई गई यह स्ट्रीट लाईट अब दम तोड़ चुकी है। नगरवासियों ने बताया कि मार्ग के डिवाईडर में स्ट्रीट लाईट लगाने के लिए गाड़े गए पोल क्षतिग्रस्त होकर झुक चुके हैं वहीं कई पोलों में लगी स्ट्रीट लाईट हवा में झूल रही है। जो कभी भी किसी बड़े खतरे को न्यौता दे सकती है। यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी हाल ही में नगर पंचायत पाण्डातराई को उप तहसील घोषित किया गया है लेकिन लोगों का कहना है कि सिर्फ उप तहसील का दफ्तर खोल देने भर से कोई नगर उप तहसील नहीं बन जाता है वहां की व्यवस्थाएं भी बेहतर होनी चाहिए। जिसकी तरफ शासन-प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों का कोई ध्यान नहीं है।

# उपमुख्यमंत्री के प्रयासों से गन्ना किसानों को दीपावली पर मिला बड़ा तोहफा




- भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के गन्ना उत्पादक किसानों को 11.09 करोड़ रुपए का बोनस भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के सतत प्रयासों एवं किसान हितैषी दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कवर्धा द्वारा जिले के गन्ना उत्पादक किसानों को दीपावली पर्व के अवसर पर बड़ा आर्थिक लाभ प्रदान किया गया है। कारखाना प्रबंधन द्वारा पिछले पेराई सत्र में गन्ना विक्रय करने वाले किसानों को शासन की ओर से 11.09 करोड़ रुपए का बोनस भुगतान किया गया है। यह बोनस भुगतान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष पहल एवं प्रयासों से संभव हुआ है। उनके नेतृत्व में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध भुगतान और बोनस वितरण सुनिश्चित किया गया है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कवर्धा ने पेराई सत्र 2024-25 के दौरान किसानों से खरीदे गए गन्ने का 115.44 करोड़ रुपये का संपूर्ण भुगतान कर प्रदेश की सभी शुगर मिलों में अग्रणी



स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि कारखाने की पारदर्शी कार्यप्रणाली, कुशल प्रबंधन एवं सहकारिता की सुदृढ़ भावना का परिचायक है। दीपावली से पूर्व किसानों को बोनस भुगतान प्राप्त होने से पूरे जिले के कृषक समुदाय में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण व्याप्त है। बोनस राशि के भुगतान न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाएगी, बल्कि किसानों का विश्वास को और अधिक मजबूत करेगी।

# ओबीसी महासभा ने जिले में बालिका छात्रावास की रखी मांग

## जिले में एक भी ओबीसी बालिका छात्रावास संचालित नहीं है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

ओबीसी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष राधेश्याम साहू के मार्गदर्शन में प्रदेश भर में ओबीसी वर्ग के विकास एवं संवर्धन के लिए कार्य किए जा रहे है। ओबीसी महासभा के द्वारा समय-समय पर जिलाधीश व शासन प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं से अवगत कराया जाता है ताकि त्वरित निराकरण किया जा सके। इसी कड़ी में गत दिनो छत्तीसगढ़ शासन पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद के कवर्धा प्रवास पर ओबीसी महासभा कबीरधाम के आनंद साहू, अजय चंद्राकर प्रदेश सचिव, कौशल साहू संभाग उपाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष बालाराम साहू, उपाध्यक्ष जीवन कौशिक, पुर्णिमा चंद्राकर (जिलाध्यक्ष महिला) हरिश साहू, भुवनेश्वर गढेवाल महामंत्री, कैलाश कौशिक सहित पदाधिकारियो ने सौजन्य मुलाकात की तथा ओबीसी महासभा के द्वारा जिले में किए जा रहे कार्यो की जानकारी से पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद, चंद्रकांति वर्मा उपाध्यक्ष को अवगत कराया साथ ही जिले में कन्याओं के लिए बालिका छात्रावास की मांग रखी। महासभा पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में अन्य पिछड़ा वर्ग कन्याओं के लिए एक भी छात्रावास संचालित नहीं है। जिस पर आयोग अध्यक्ष ने बताया कि अन्य राज्यों की वर्तमान में लागू आरक्षण की तुलनात्मक अध्ययन के पश्चात छत्तीसगढ में भी आरक्षण के लिए शासन के सामने रिपोर्ट प्रस्तुत की जायेगी। ताकि छत्तीसगढ में भी अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण का लाभ मिले। उन्होंने ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों से मिलकर हर्ष व्याप्त किया।

# हिंदू आस्था पर बयान की निंदा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी ने कांग्रेस के कामू बैगा को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



बीते दिनों जिला मुख्यालय कवर्धा में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला गोड़वाना पार्टी एवं भीम आर्मी द्वारा संयुक्त रूप से किए गए जिला कार्यालय घेराव एवं पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान दिए गए एक बयान ने अब राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है। कांग्रेस के जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी रहे कामू बैगा द्वारा इस दौरान दिए गए विवादित बयान की जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी ने तीखी आलोचना करते हुए करारा जवाब दिया है। श्री चन्द्रवंशी ने जारी बयान में कहा कि कांग्रेस नेता कामू बैगा का यह कहना कि पंडरिया के प्राचीन शिव मंदिर कामठी के बाद डोंगरगढ़ की मां बम्लेश्वरी मंदिर, रतनपुर महामाया मंदिर और कवर्धा के भोरमदेव मंदिर पर कब्जा किया जाएगा, जो अत्यंत निंदनीय और समाज को भड़काने वाला है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की आस्था के प्रतीक स्थलों को लेकर इस प्रकार की भाषा किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कही जा सकती। जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने कहा कि जो लोग असुर महिषासुर को अपना वंशज मानते हैं, उसकी पूजा करते हैं, रावण की शोभायात्रा निकालते हैं और विजयादशमी पर रावण वध का विरोध करते हैं, वही अब हिंदुओं के आराध्य स्थलों पर कब्जे की बात कर रहे हैं, जो चिंता का विषय है। श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि भारत भूमि चाहे औपचारिक रूप से हिंदू राष्ट्र घोषित हो या नहीं, यह देश सनातन परंपराओं पर आधारित है और सदैव हिंदू राष्ट्र रहेगा। उन्होंने कांग्रेस नेता के बयान को हिंदू विरोधी बताते हुए कहा कि इस तरह के वक्तव्य सामाजिक सौहार्द को तोड़ने वाले हैं और कांग्रेस को इस पर स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर ये लोग केवल सनातनियों के आस्था केन्द्रों को ही क्यों निशाना बना रहे हैं? क्या उन्होंने कभी किसी मस्जिद या चर्च पर दावा किया है? श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि हिंदू समाज शांतिप्रिय है, लेकिन उसकी सहनशीलता को कमजोरी न समझा जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे बयानों से समाज में विभाजन और अविश्वास का वातावरण बनता है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस बयान के बाद से जिले की राजनीति में हलचल मच गई है और विभिन्न संगठनों ने भी कांग्रेस नेता के बयान की निंदा करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### कांग्रेस के चरित्र हमेशा से हिंदू विरोधी रहा है

जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी ने कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं पर हिन्दू विरोधी होने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बात चाहे फिरोज खान के नाती कहे जाने वाले राहुल गांधी की हो या जेएनयू के कन्हैया कुमार की बात हो या फिर कांग्रेस के जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी रहे कामू बैगा का विचार हो, सब में एक बात की समानता है ये सब हिंदू धर्म का विरोध करते हैं। ऐसे में कांग्रेस आला कमान को यह स्पष्ट करना चाहिए कि ये उनके नेताओं के व्यक्तिगत बयान है या फिर कांग्रेस पार्टी की नीति रीति है का हिस्सा है।

### सांसद संतोष पांडेय बिहार में कर रहे चुनाव-प्रचार



**कवर्धा।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद व भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता संतोष पांडेय पार्टी हाई कमान के निर्देश पर बिहार विधानसभा चुनाव में मोर्चा संभाले हुए हैं। सांसद श्री पांडेय को बिहार राज्य के पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। सांसद संतोष पांडेय द्वारा अपने प्रभार क्षेत्र में भाजपा व एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में धुंआ-धार चुनाव प्रचार किया जा रहा है। वे लगातार छोटी-बड़ी बैठक व सभाएं ले रहे हैं। भाजपा व एनडीए सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। सांसद श्री पांडेय ने मोतिहारी जिले के नारायणपुर, केसरिया विधानसभा अंतर्गत केसरिया मंडल, पीपरा विधानसभा अंतर्गत चकिया मंडल, गोविंदगंज विधानसभा अंतर्गत संग्रामपुर मंडल सहित अन्य स्थानों में बैठक व जनसंपर्क किया। उन्होने बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के कल्याणपुर विधानसभा अंतर्गत कैथवलिया गांव के पास निर्माणाधीन विश्व के सबसे बड़े व भव्य विराट रामायण मंदिर को आकार लेते हुए प्रत्यक्ष रूप से देखा। सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि यह दिव्य-भव्य-रम्य मंदिर न केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा, बल्कि विश्व पटल पर रामायण के अमर काव्य को और भी भव्य रूप प्रदान करेगा। यह मंदिर मात्र एक भवन नहीं, अपितु भगवान श्रीराम के जीवन-लीला का जीवंत प्रतिबिंब है, जो आस्था, वास्तुकला और भक्ति का अनुपम संगम बनेगा। विराट रामायण मंदिर एक त्रिस्तरीय संरचना है, जो 3.76 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में विस्तृत है। इसकी लंबाई 1080 फुट, चौड़ाई 540 फुट और मुख्य शिखर की ऊंचाई 270 फुट है। मंदिर परिसर में कुल 12 शिखर होंगे। यहां विश्व का सबसे विशाल शिवलिंग 33 फुट ऊंचा, 33 फुट चौड़ा और 210 मीट्रिक टन वजनी सहस्रलिंगम सहित यह शिवलिंग भक्तों के लिए आध्यात्मिक आकर्षण का केंद्र बनेगा।

# जिले में तीन दिवसीय होगा राज्योत्सव का आयोजन, तैयारियां प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एक नवम्बर को मनाया जाएगा। कवर्धा के आचार्य पंथ श्री गृन्धमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मैदान में आगामी 02 नवम्बर से 04 नवंबर 2025 तक तीन दिवसीय राज्योत्सव मेला का आयोजन किया जाएगा। राज्योत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा संचालित होने वाली सभी जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के विकासमूलक प्रदर्शनी व सह स्टॉल लगाएं जाएंगें। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आयोजन की सफल क्रियान्वयन और तैयारियों के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि राज्योत्सव स्थल पर आने वाले सभी नागरिकों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी देंगे साथ ही योजनाओं के लाभ के लिए हितग्राहियों को कहा और कैसे आवेदन करने होंगे, इसकी भी जानकारी देने होंगें,ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके। कलेक्टर ने कवर्धा में आयोजित राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्योत्सव-2025 का तीन दिवसीय आयोजन के लिए अपर कलेक्टर विनय पोयाम को नोडल अधिकारी बनाया है। साथ ही एसडीएम चेतन साहू को को मेला स्थल का प्रभारी बनाया गया है। कलेक्टर ने राज्योत्सव मेला के आयोजन के लिए अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व भी सौपे है। यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था पुलिस अधीक्षक को जिम्मेदारी दी गई है। शांति व्यवस्था के लिए अतिरिक्त कलेक्टर, कार्यक्रम स्थल पर मंच व बैरिकेट्स निर्माण, बैठक व्यवस्था, पंडाल व सजावटी गेट की व्यवस्था स्टॉल निर्माण, आबंटन एवं अन्य व्यवस्था के लिए वनमण्डलाधिकारी, कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग और मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, कवर्धा. सफाई, फायरब्रिगेड के लिए कवर्धा नगर पालिका, मंच, आवास, सत्कार व्यवस्था के लिए वन विभाग, एसडीएम कवर्धा, लोक निर्माण विभाग, आबकारी विभाग, पीएम सड़क, खनिज विभाग, सीएमओ कवर्धा और तहसीलदार कवर्धा के सौपा गया है। पेयजल व्यवस्था के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, कवर्धा नगर पालिका सहित अन्य विभागों को दायित्व सौंपे गए हैं।

# बोड़ला की दो खिलाड़ी हॉकी टीम में चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत हॉकी टीम में पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल बोड़ला से आरती निषाद कक्षा 9 वीं, रितिक दिवाकर कक्षा 9 वीं का चयन उनके उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तर पर किया गया है। दोनो ही खिलाड़ी कोरबा में अपने खेल का प्रदर्शन कर अपने स्कूल और बोड़ला नगर का नाम रौशन कर रही है यहां बताना लाजिमी होगा कि साभी खेलो में बोड़ला की बेटियां आगे है। इससे पूर्व हांकी प्रतियोगिता राजनादगांव में यशोदा और दुर्गा ने गोल्ड मेडल जीता फिर रायपुर में ब्रॉन्ज मेडल जीता ये सभी बच्चे पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल बोड़ला से है। इन्हें प्रशिक्षण देने वाला बृजेश चंद्रवंशी एवं हिमांशु चंद्रवंशी है जो अपने निरंतर सुबह-शाम इन बच्चों को अभ्यास करते हैं।



**बिरगांव में 12 से 16 अक्टूबर तक राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा आयोजित**

# राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा में जिले के 12 स्काउट व 34 गाइड शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर द्वारा रायपुर जिला मे स्काउट विंग का राज्य प्रशिक्षण केन्द्र झांकी (अभनपुर) एवं गाइड विंग का पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बिरगांव में 12 से 16 अक्टूबर 2025 तक राज्य पुरस्कार (राज्यपाल अवार्ड) जांच परीक्षा संपन्न हुआ। इस राज्य पुरस्कार जांच शिविर में दुर्ग संभाग के समस्त जिलों के 161 स्काउट एवं 197 गाइड शामिल हुए। राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा जाँच स्काउट विभाग के शिविर संचालक गोपाल राम वर्मा (एलटी), सहायक शिविर संचालक सुजीत कुमार गुप्ता (एलटी) कबीरधाम, मुख्य परीक्षक केआर कश्यप (एलटी) एवं गाइड विभाग के शिविर संचालक श्रीमती धनमत महंत (एलटी), मुख्य परीक्षक श्रीमती तनूजा बंजारे (एलटी) के नेतृत्व मे संपन्न हुआ। जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय कुमार चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले से स्काउट विभाग एचडब्लूबी स्काउट मास्टर ईशाक मोहम्मद खान एवं गाइड विभाग बेसिक गाइड कैप्टिन चित्ररेखा झरिया के नेतृत्व में स्काउट-गाइड इस परीक्षा में शामिल हुये। पांच दिनों तक चलने वाले इस शिविर में दल में प्रवेश से लेकर राज्य पुरस्कार (राज्यपाल प्रमाण-पत्र) पाठ्यक्रम तक लिखित, मौखिक एवं प्रायोगिक परीक्षा आयोजित किया गया था। इस राज्य पुरस्कार परीक्षा में सफल होने वाले समस्त स्काउट-गाइड को महामहिम राज्यपाल के द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किया जायेगा। जिला संघ अध्यक्ष शेखर बक्सी, जिला मुख्य आयुक्त रुपेश जैन, उपाध्यक्ष अनिल दास गुप्ता, पवन देवांगन, पियूष ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त एफआर वर्मा, जिला सचिव नीलम यदु, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड संजू मिश्रा, जिला संगठन आयुक्त गाइड भगवती हठीले, रोवर स्काउट लीडर विजय कुमार साहू सहित कबीरधाम जिले के संस्था प्रमुखों एवं स्काउटर-गाइडर ने राज्य पुरस्कार परीक्षा में सफलता हेतु अग्रिम शुभकामनाएं दी



# स्वच्छ संकल्प अभियान 19 नवम्बर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जिले में स्वच्छ संकल्प अभियान का आयोजन 15 अक्टूबर 2025 से 19 नवम्बर 2025 तक किया जा रहा है। इस अवधि में जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं ग्राम स्तर पर विविध जन-जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी को बढ़ाना तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन को सशक्त बनाना है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में सुरक्षित स्वच्छता तक पहुंच बढ़ाना, व्यक्तिगत शौचालयों एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों के निर्माण एवं सुधार को गति प्रदान करना है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि अभियान अवधि के दौरान जिन ग्रामों में शौचालय विहीन परिवार हैं, उनका चिन्हांकन कर स्वीकृति दी जाएगी। साथ ही टूटे-फूटे या अनुपयोगी शौचालयों की मरम्मत, सामुदायिक शौचालयों का संचालन सुनिश्चित करना तथा संबंधित संस्थाओं के साथ एम.ओ.यू. किया जाएगा। अभियान की प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर नियमित समीक्षा एवं निरीक्षण किया जाएगा। इसके साथ-साथ इस अवधि में व्यापक जनजागरूकता के लिए आई.ई.सी. गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी। इसमें ग्रामों में कार्यरत स्वच्छाग्रहियों का पंजीकरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वच्छाग्रहियों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, श्रम विभाग द्वारा स्वच्छाग्रहियों हेतु ई-श्रम कार्ड वितरण, विद्यार्थियों द्वारा वेस्ट मटेरियल से वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी, ग्राम सभा एवं वार्डवार बैठकें, स्वच्छता पर केंद्रित मैराथन दौड़, ओडीएफ मॉडल ग्राम के स्थायित्व पर चर्चा ग्राम के हाट-बाजार, बस स्टैंड, मेला स्थल एवं सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक स्वच्छता अभियान शामिल हैं। जिला पंचायत सीईओं अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य स्वच्छता को ग्राम्य जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना एवं जनसहभागिता के माध्यम से स्थायी स्वच्छता मॉडल विकसित करना है। जिला प्रशासन ने समस्त जनप्रतिनिधियों, स्वच्छाग्रहियों, शिक्षण संस्थानों एवं सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी कर जिले को स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर बनाने में योगदान दें।

## खबर संक्षेप

### गुरूकुल में जिला स्तरीय अंतर्विद्यालयीन व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** नगर की गुरूकुल पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें इस अंचल के 8 शालाओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एफआर वर्मा जिला शिक्षा अधिकारी कवर्धा एवं राजा टाटिया समाज सेवी कवर्धा, भूपेन्द्र सिंह शहर मंडल उपाध्यक्ष तथा संस्था के पदाधिकारी गण व शाला के प्रभारी प्राचार्य संचासीन थे। समस्त अतिथियों के कर-कमलों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के तैलचित्र पर पुष्प व मालार्पित कर पूजन-वंदन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। समस्त अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया एवं समस्त अतिथियों को शाला का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रथम खेल गुरूवार को गुरूकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा व स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय बोड़ला के बीच खेला गया, जिसमें गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा विजयी रहा। इसी क्रम में होली किंगडम कवर्धा के साथ स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय पोंड़ी के मध्य खेल गया, जिसमें स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय पोंड़ी विजयी रहे। तथा 17 अक्टूबर शुक्रवार को समापन दिवस के अवसर पर सेमी फाइनल तथा फाइनल मैच खेला जाएगा। जिसमें संस्था के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारीगण ने इस अंतर्विद्यालयीन व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

# दीपावली पर्व पर छग पधारेंगे जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

## आसपास क्षेत्र के भक्तों में खुशी की लहर, स्वागत तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

आगामी दीपावली पर्व छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं के लिए विशेष अवसर लेकर आ रहा है। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज इस बार दीपावली का पर्व छत्तीसगढ़ में मनाने आ रहे हैं। राज्य सरकार ने उनके आगमन पर उन्हें राज्य अतिथि का दर्जा प्रदान किया है। मीडिया प्रभारी अशोक साहू ने जानकारी दी कि शंकराचार्य नियमित विमान से मुंबई से रायपुर पहुंचेंगे, जहां दंडी स्वामी इन्दुभवानंद एवं दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद महाराज के नेतृत्व में सैकड़ों श्रद्धालु विमानतल पर उनका स्वागत एवं आर्शीवाद प्राप्त करेंगे। पश्चात वे बिलासपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।



धनतेरस पर विशेष पूजन चिचिरदा के कुंजकुटीर में शंकराचार्य का ठहराव हरीश शाह के कुंजकुटीर फार्म हाउस (चिचिरदा, चकरभाटा) में होगा, जहां सह परिवार द्वारा भव्य स्वागत और पादुकापूजन किया जाएगा। धनतेरस के दिन यहीं विशेष पूजन आयोजित होगा, जो पूरे दिन श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु खुला रहेगा। कवर्धा और आसपास के क्षेत्रों में इस कार्यक्रम को लेकर भक्तों में अत्यधिक उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने में धर्मालंकार डॉ पवन कुमार मिश्रा, अतुल देशलहरा, ज्ञानचंद लुनिया, मोतीराम चन्द्रवंशी, रमेश पांडेय, आनंद उपाध्याय, जयप्रकाश उपाध्याय, अनुराग उपाध्याय, अवकाश पांडेय, बंटी तिवारी, उमंग पांडेय, नीलकंठ चंद्रवंशी, वीरेंद्र साहू, पतिराम साहू, लोकनाथ देवांगन, सौरभ शर्मा, राम कृपेश्वर उपाध्याय, हरिहर उपाध्याय, सोनू उपाध्याय, महेश ठाकुर, दुखहरण सिह, महेश मिश्रा, शैलेन्द्र उपाध्याय सहित सैकड़ों श्रद्धालु दिन-रात जुटे हुए हैं।

### नरकचतुर्दशी पर सलधा में पूजन कार्यक्रम

शंकराचार्य दोपहर में चिचिरदा से सलधा (बेमेतरा) के लिए रवाना होंगे। मार्ग में सिमगा में भक्तों द्वारा स्वागत किया जाएगा। सलधा पहुंचने पर नरकचतुर्दशी के अवसर पर विशेष पूजन संपन्न होगा, जिसमें क्षेत्रभर से भक्तों के आने की संभावना है। वहीं दीपावली के दिन शंकराचार्य कवर्धा पहुंचेंगे। ज्योतिर्मठ के सीईओ चंद्रप्रकाश उपाध्याय ने बताया कि कवर्धा में प्रवेश के दौरान नीलकंठ चंद्रवंशी के नेतृत्व में सैकड़ों भक्तों की बाइक रैली उनके स्वागत में निकलेगी। स्वामी अविमुक्त नगर (लोहारा रोड) स्थित अशोक वाटिका में दर्शन व पादुकापूजन के बाद धर्मध्वज चौक पर विशाल धर्मध्वज पूजन संपन्न होगा।

### कवर्धा में निकलेगी भव्य पालकी यात्रा

धर्मध्वज पूजन के पश्चात शंकराचार्य महाराज की भव्य पालकी यात्रा निकलेगी, जो शहर के मुख्य मार्गो से गुजरते हुए शंकरा भवनम पहुंचेगी। विभिन्न स्थानों पर समाजजनों व व्यापारी संघों द्वारा स्वागत एवं पुष्पवर्षा की जाएगी। दीपावली की रात महालक्ष्मी और मां काली पूजन दीपावली की संध्या शंकरा भवनम में महालक्ष्मी पूजन से प्रारंभ होगी। इसके पश्चात शंकराचार्य स्वयं पटाखा वितरण करेंगे और मध्यरात्रि में ठाकुरपारा स्थित मां काली मंदिर में विशेष पूजन करेंगे। रात्रि भर मां लक्ष्मी की आराधना शंकरा भवनम में संपन्न होगी, जहां भक्तों के लिए रात्रिभर दर्शन का अवसर रहेगा।

### टाटीकसा में मनाएंगे गोवर्धन पूजा

गोवर्धन पूजा के अवसर पर शंकराचार्य मीडिया प्रभारी अशोक साहू के गृह ग्राम टाटीकसा पधारेंगे। वहां ओड़िया से प्रारंभ होकर सैकड़ों भक्तों की बाइक रैली के साथ अगुवानी की जाएगी। गौशाला में विशेष गौपूजन और पादुकापूजन के बाद आर्शीवचन व प्रसाद वितरण होगा। टाटीकसा कार्यक्रम के पश्चात शंकराचार्य रायपुर पहुंचेंगे, जहां भूपेश शर्मा के निवास दुबे कॉलोनी में पादुकापूजन के बाद शंकराचार्य आश्रम, बोरियाकला प्रस्थान करेंगे।

# ईश्वर भक्ति में जात-पात या ऊंच-नीच का कोई भेद-भाव नहीं: आचार्य प्रशांत

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

ग्राम अमली-मालगी में आयोजित श्रीराम चरितमानस व श्री अखंड नवधा रामायण में पंचम दिवस की कथा प्रवचन में पं प्रशांत शर्मा ने बताया कि श्रीराम के जीवन से हमें सत्य, न्याय व धर्म के प्रति समर्पण, परिवार और रिश्तो के प्रति निष्ठा त्याग साहस धैर्य और सम्मान जैसे कई महत्वपूर्ण नैतिक मूल्य सीखने को मिलते हैं, श्रीराम ने जीवन के हर पहलू में आदर्श व्यवहार संयम और नेतृत्व का परिचय दिया।



पं श्री शर्मा ने बताया कि केवट प्रसंग अंतर्गत ईश्वर भक्ति में जात-पात या उच्च नीच का कोई भेदभाव नहीं, ईश्वर अपने भक्तों को अपनाते हैं भले ही उनकी सामाजिक स्थिति कुछ भी हो, श्रीराम ने केवट को प्रेम से गले लगाया, जिससे यह पता चलता है कि ईश्वर अपने भक्तों की भक्ति का सम्मान करते हैं और करुणा के पात्र हैं, केवट ने बिना किसी भौतिक इच्छा के श्रीराम की सेवा की जो हमें निष्काम भक्ति का महत्व सिखाती है। सच्ची भक्ति किसी भी स्वार्थ से परे होती है, केवट ने धान के बजाय भगवान के चरणों को धोने को अधिक महत्व दिया, जो दर्शाता है कि ईश्वर हमारे हृदय के प्रेम और समर्पण को अधिक महत्व देते हैं ना की भौतिक संपत्ति को, सत्य ही सवार है और सत्य से बढ़कर कोई दूसरी गति नहीं है जो सभी अभिलाषाओं को पूर्ण कर सकता है। ग्राम अमली मालगी में समस्त ग्रामवासियों के द्वारा श्री अखंड नवधा रामायण आयोजित किया जा रहा है।

जिसमें ग्राम व आसपास क्षेत्रवासियों में भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। जिसमें आचार्य राजेंद्र प्रसाद शर्मा, पं कमलेश शर्मा, डॉ चंद्रशेखर सिंगरौल, मनहरन, कामता, मनोज, लालाराम, संतोष, ईश्वर, नंदराम, केशव, राजकुमार, रामकुमार, धनीराम, बिरजू, लव कुमार, शिवकुमार, जगदीश, सुमन, भरत रजत, दुर्गेश, बोधी राम, दिनेश, रोमिल, केशव, संतोष, लालाराम, ईश्वर व समस्त ग्रामवासी व क्षेत्रवासियों की कथा सुनने भारी भीड़ उमड़ रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR-D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कास्मेटिक सर्जरी सेंटर

होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

